## खबर संक्षेप

### कंपनी कर्मी से युवकों ने नकदी व फोन छीने

**खरखौदा।** आईएमटी खरखौदा में एक कंपनी के कर्मचारी को लूट लिया गया, वह ड्यूटी कर अपने घर लौट रहा था। इस बीच आईएमटी में ही उसे कार के पास खड़े युवकों ने रोका लिया, जोकि उसका मोबाइल व पर्स छीनकर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत सैदपुर चौकी पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने लूट का मामला दर्ज किया है।आईएमटी खरखौदा क्षेत्र में लगातार लूट व छीना-झपटी के मामले सामने आ रहे हैं। बीते दिनों मारुति कंपनी में ही काम करने वाले एक युवक का मोबाइल छीनकर बाइक से युवक फरार हो गए थे। वहीं इससे दो दिन पहले ही एक महिला का भी खरखौदा-दिल्ली मार्ग पर मोबाइल छीन लिया गया था। अब ताजा मामले में आइएमटी स्थित जेबीएम कंपनी के एक कर्मचारी से लूट का मामला सामने आया है।

### गढी सिसाना के सरकारी स्कूल में चोरी

**खरखौदा।** गढी सिसाना के राजकीय उच्च विद्यालय में चोरों ने रात के समय कमरों के ताले तोड़कर कंप्यूटर व प्रिंटर चोरी कर लिए है। पुलिस को दी सूचना के आधार पर विद्यालय में सफाई कर्मचारी राजरती सुबह करीब 8.30 बजे स्कूल में पहुंची तो उसने देखा कि विद्यालय में बने ऑफिस का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी।

### राष्ट्रीय हड़ताल में हजारों वन मजदूर लेंगे भाग

**सोनीपत।** वन विभाग मजदूर यूनियन हरियाणा (सीटू) के राज्य प्रधान विजय शर्मा ने कहा कि 12 फरवरी को राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में हजारों वन मजदूर काम छोड़कर शामिल होंगे। वे सोनीपत स्थित वन कॉम्पलेक्स में आयोजित यूनियन की जिला कमेटी बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह ने की तथा संचालन सचिव सज्जन सिंह मलिक ने किया।

### बेटी को लेकर महिला घर से लापता

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र के एक गांव से महिला अपनी बेटी को लेकर लापता हो गई है। पुलिस को दी सूचना में कंवरपाल ने बताया कि उसकी पत्नी व बेटी को लेकर 28 जनवरी को घर से बिना बताए चली गई है। आस पड़ोस में काफी तलाश किया, परंतु उसका कोई अता-पता नहीं लगा। घटना की सूचना सैदपुर चौकी में दे दी गई है।

### पीएचसी निर्माण में अनियमितताओं का आरोप

**गन्नौर।** मोई-माजरी गांव में निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। गांव के राकेश कुमार ने सीएम विंडो में शिकायत दर्ज कराते हुए पीएचसी निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि पीएचसी का निर्माण कार्य अभी तक पूरा नहीं हुआ है और न ही इसका लोकार्पण किया गया है।

**मिशन बुनियाद:** तीन केंद्रों पर 1235 में से 1113 छात्रों ने दी परीक्षा, 122 रहे अनुपस्थित

# परीक्षार्थी बोले, प्रश्नपत्र संतुलित व तार्किक क्षमता को परखने वाला

**परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पहले की गई विद्यार्थियों की सघन जांच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विद्यालय शिक्षा निदेशालय की महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद के तहत राजकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले 1113 विद्यार्थियों ने तीन केंद्रों पर दूसरे चरण की परीक्षा में भाग लिया। इससे पहले 26 दिसंबर 2025 को 4454 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 12 केंद्रों पर 3527 ने प्रथम चरण की परीक्षा में भाग लिया था। 21 जनवरी को जारी किए गए प्रथम चरण के परीक्षा परिणाम में कुल 1235 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता प्राप्त की थी। शुक्रवार को जिले में सोनीपत, गोहाना व राई में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर कुल 1113 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 122 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

सोनीपत जिले के राजकीय विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने व उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से विद्यालय शिक्षा निदेशालय की महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद के दूसरे चरण की परीक्षा शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। जिले के तीन खंडों में बनाए गए तीन परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। वर्ष 2026-27 बैच के चयन के लिए आयोजित इस परीक्षा में प्रथम चरण में परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 1235 में से 1113 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

परीक्षा के सफल संचालन के लिए शिक्षा विभाग ने व्यापक प्रबंध किए थे। निदेशालय के निर्देशों के अनुसार जिले के तीन खंडों में एक-एक परीक्षा केंद्र स्थापित किया गया। इन सभी केंद्रों पर सुबह से ही गहमागहमी का माहौल रहा। विभाग के आदेशानुसार विद्यार्थियों को एक घंटा पहले ही केंद्रों पर पहुंचने के निर्देश दिए गए थे। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह नजर आया। दूसरे चरण की परीक्षा में विद्यार्थियों से सब्जेक्टिव टाइप के प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों के लिए 50 अंक के कुल 10 प्रश्न शामिल रहे। जिन्हें विद्यार्थियों ने 1:15 घंटे के अंदर इन्हें हल किया।



सोनीपत। केंद्र पर मिशन बुनियाद परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते डायट प्राचार्य मंजू गर्ग, जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी।

### बुनियाद परीक्षा सम्पन्न

मिशन बुनियाद योजना के तहत दूसरे चरण की परीक्षा सफलतापूर्वक व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिला में बने तीन केंद्रों पर कुल 1235 में से 1113 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 122 विद्यार्थियों ने किन्हीं कारणों के चलते परीक्षा नहीं दी। दूसरे चरण की परीक्षा में सफल होने वाले विद्यार्थियों को अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में साक्षात्कार में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

**-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत**

### प्रवेश पत्र की गहनता से जांच के बाद मिला प्रवेश

परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश की प्रक्रिया को बेहद पारदर्शी व सख्त बनाया गया था। मुख्य द्वार पर तैनात शिक्षकों व सुरक्षाकर्मियों ने प्रत्येक विद्यार्थी के प्रवेश पत्र की गहनता से जांच की। इसके साथ ही विद्यार्थियों के आधार कार्ड की फोटो प्रति व रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो का मिलान किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। सघन जांच प्रक्रिया के बाद ही विद्यार्थियों को परीक्षा कक्षों के अंदर प्रवेश की अनुमति दी गई। कक्षाओं में बैठने की व्यवस्था भी रोल नंबर के अनुसार व्यवस्थित की गई थी, ताकि विद्यार्थी शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा दे सकें।

### अधिकारियों ने किया केंद्रों का औचक निरीक्षण

जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना, डायट प्राचार्य मंजू गर्ग, जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुरेंद्र सिंह सहित विभाग के कई अधिकारियों ने परीक्षा के दौरान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश व बैठने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। खंड शिक्षा अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए थे कि वह अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में परीक्षा को नकल रहित व सुचारू रूप से संपन्न करवाएं। परीक्षा कक्ष में केवल दो पेन व आवश्यक दस्तावेजों के अलावा किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक वस्तु या नकल सामग्री ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहा।

### परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में दिखी काफी उम्मीदें

विद्यार्थियों में दूसरे चरण की परीक्षा को लेकर काफी उम्मीदें देखी गईं। परीक्षा केंद्र से बाहर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि प्रश्न पत्र का स्तर संतुलित था। यह उनकी तार्किक क्षमता की परख करने वाला था। ग्रामीण क्षेत्रों से आए विद्यार्थियों के लिए यह एक बड़ा अवसर है, क्योंकि मिशन बुनियाद के तहत मिलने वाला निशुल्क प्रशिक्षण व सुविधाएं उन्हें बड़े शहरों के बड़े निजी व सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों के मुकाबले एक मजबूत मंच प्रदान करेंगे। विभाग का लक्ष्य है कि राजकीय विद्यालयों के अधिक से अधिक विद्यार्थी भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर व सेना में अधिकारी बनाकर जिले का नाम रोशन करें।

## मुरथल विवि में वित्त नियंत्रक अधिकारी पर अभद्रता का आरोप



सोनीपत। मुरथल विवि में विरोध प्रदर्शन करते हुए।

- कर्मचारी यूनियन ने धरना देकर जताया रोष, अनुचित व्यवहार के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल परिसर में शुक्रवार को कर्मचारी यूनियन ने वित्त नियंत्रक अधिकारी पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाकर रोष जताया। यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने विश्वविद्यालय परिसर में धरना देकर व विवि प्रबंधन को पत्र लिखकर मांग की, कि उक्त अधिकारी के खिलाफ अनुचित व्यवहार के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाए। अन्यथा यूनियन का धरना जारी रहेगा, जिसकी जिम्मेवारी विवि प्रबंधन की होगी।

यूनियन के प्रधान सुरेश कुमार पुट्ठी, उप प्रधान प्रवेश त्यागी ने बताया कि यूनियन के पदाधिकारी सरकार की ओर से जारी पत्र के संदभई में एसईटीसी पास न करने वाले लिपिकीय कर्मचारियों की रिकवरी से संबंधित मामले पर अपनी बात रखने के लिए लेखा शाखा के वित्त नियंत्रक अधकारी के पास पहुंचे, तो उक्त अधिकारी ने यूनियन पदाधिकारियों के साथ गैर जिम्मेदाराना रवैया अपनाते हुए अभद्रता से बात की गई। आरोप है कि अधिकारी ने यूनियन पदाधिकारियों से कहा कि आपका मुझसे निवेदन करने का कोई अधिकार नहीं है। मामले को यूनियन ने गंभीरता से लेते हुए विरोधस्वरूप शनिवार को आकस्मिक धरना शुरू किया। उन्होंने बताया कि यूनियन पत्र क्रमांक 22-1-2026 के माध्यम से विवि प्रबंधन को पहले भी अवगत करा चुकी है कि लेखा शाखा की कार्यशैली ठीक नहीं है। उक्त अधिकारी की ओर से बिलों पर अनावश्यक आपत्तियां दर्ज करवाकर बिलों की अदायगी को रोका जाता है।

### सभी कार्य पारदर्शिता से हो रहे

मुरथल विश्वविद्यालय में तीन-चार कर्मचारी व शिक्षक अपने निजी स्वार्थ के लिए किसी न किसी तरह विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल करने की कोशिश कर रहे हैं। विश्वविद्यालय में सभी कार्य नियमानुसार एवं पारदर्शिता से हो रहे हैं। यूनियन प्रतिनिधियों की ओर से लगाए गए आरोपों की जल्द जांच करवाई जाएगी।

**-श्रीप्रकाश सिंह, कुलपति, मुरथल**

## एपीके फाइल व फर्जी निवेश से दो युवकों को 12.60 लाख की चपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे और आरटीओ चालान के नाम पर ठगी के नए-नए तरीके अपनाते हुए दो युवकों से कुल 12.60 लाख रुपये की ठगी कर ली। साइबर थाना पुलिस ने दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बड़ा जैन मंदिर क्षेत्र निवासी इशान को शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 10.60 लाख रुपये ठग लिए गए। उन्होंने बताया कि 4 अक्तूबर, 2025 को उनके मोबाइल पर कॉल आई, जिसमें व्हाट्सएप के जरिए फ्री में शेयर ट्रेडिंग सिखाने का प्रस्ताव दिया गया। कॉल करने वाले ने खुद को बहुराष्ट्रीय कंपनी का पार्टनर बताया।

### एपीके फाइल भेज हैक किया मोबाइल

गांव जटवाड़ा निवासी संजीव को व्हाट्सएप पर आरटीओ चालान के नाम से एपीके फाइल भेजी गई। उनके फाइल खोलते ही मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद 23 जनवरी को उनके एचडीएफसी बैंक खाते से दो लाख रुपये नेट बैंकिंग के जरिए निकाल लिए गए। पीड़ित ने बैंक और साइबर क्राइम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। जिस पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### ओटीपी, बैंक विवरण या पासवर्ड किसी को न बताएं

साइबर ठग लगातार अपनी तकनीक बदल रहे हैं। ऐसे में सतर्क रहना बेहद जरूरी है। किसी अनजान लिंक, एपीके फाइल या मैसेज को नहीं खोलें। बैंक, क्यूआर कोड, केवाईसी, रिफंड आदि से जुड़े कॉल फर्जी हो सकते हैं। अपना ओटीपी, बैंक विवरण या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें। मोबाइल में मजबूत पासवर्ड और सिक्योरिटी एप का उपयोग करें। ठगी होने पर 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज कराए।

**-बसंत, प्रभारी, साइबर थाना।**

### फर्जी रजिस्ट्री मामले में विक्रेता समेत पांच पर केस

**गन्नौर।** फर्जी रजिस्ट्री के मामले में गन्नौर थाना पुलिस ने विक्रेता समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने फर्जी विक्रेता प्रमोद कुमार निवासी नसीरपुर, खरीदार बलबीर सिंह निवासी पिल्लू खेड़ा, प्रवीन कुमार, रविंद्र और डीड राइटर विनय को नामजद करते हुए केस दर्ज किया है। आरोप है कि इन सभी ने आपसी मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखकर भूमि की फर्जी रजिस्ट्री कराई। पुलिस के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच गन्नौर थाना प्रभारी को सौंपी गई है। थाना प्रभारी को जल्द ही पूरे प्रकरण की जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। प्रारंभिक जांच में रजिस्ट्री से जुड़े दस्तावेजों में कई खामियां सामने आई हैं, जिससे पूरे मामले ने गंभीर रूप ले लिया है।

## दुकानदारों के चालान के विरोध में किया प्रदर्शन

- पॉलिथीन फैक्ट्रियां बंद करने की मांग, कार्रवाई न रुकी तो आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुरुद्वारा रोड मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों ने बिना मापदंड पॉलिथीन के चालान काटे जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गुरुद्वारा रोड मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सोनीपत व्यापारी एसोसिएशन के संयोजक विमल किशोर के नेतृत्व में किया गया। व्यापारियों ने सरकार और प्रशासन से मांग की कि छोटे दुकानदारों पर चालान काटकर खानापूर्ति करने की बजाय पॉलिथीन बनाने वाली फैक्ट्रियों को बंद कराया जाए।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### पॉलिथीन कार्रवाई पर व्यापारियों का विरोध

विमल किशोर ने एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि एक दुकानदार की अनुपस्थिति में उसकी पत्नी की मौजूदगी के दौरान नगर निगम कर्मचारी द्वारा सिगरेट पीते हुए दुकान में घुसकर जबरन पॉलिथीन उठाई गई, जो पूरी तरह गलत है। उन्होंने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए संबंधित कर्मचारी पर सार्वजनिक स्थान पर सिगरेट पीने का चालान और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी छोटे दुकानदार का पॉलिथीन का चालान काटा गया तो पूरे सोनीपत के व्यापारी एकजुट होकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

## सहकर्मी के साथ यौन शोषण आपत्तिजनक फोटो वायरल

- पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना क्षेत्र में युवती ने अपने सहकर्मी पर यौन शोषण करने व उनकी आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह तथा सुजीत एक ही कंपनी में कार्यरत थे। इसी दौरान दोनों के बीच पहचान हुई, जो बाद में दोस्ती में बदल गई। आरोप है कि सुजीत ने युवती का घर बिकवाने में मदद और विवाह का झांसा देकर अपने विश्वास में लिया। महिला का कहना है कि आरोपी ने इसी भरोसे का फायदा उठाते हुए उसके साथ करीब पांच वर्षों तक शारीरिक शोषण किया। महिला का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उनकी निजी तस्वीरें और वीडियो बना लिए। बाद में इनका दुरुपयोग करते हुए आरोपी ने कथित रूप से आपत्तिजनक फोटो व वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिए, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुंची।

## अगवानपुर गांव में सरपंच पर पंचायत भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

अगवानपुर गांव में सरपंच पर पंचायत भूमि पर अवैध कब्जे और उस पर निर्माण का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने मौजूदा सरपंच मंजीत पर ग्राम पंचायत की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि पंचायत के नाम दर्ज है।

ग्रामीणों ने इस संबंध में जिला कष्ट निवारण समिति व उपायुक्त को लिखित शिकायत सौंपकर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच और भूतपूर्व सरपंच ने अपने पद और प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए पंचायत की जमीन पर अवैध निर्माण कार्य कराया है, जो हरियाणा पंचायती राज अधिनियम के नियमों के खिलाफ है।



गन्नौर। अगवानपुर गांव में पंचायती जमीन पर चल रहा निर्माण कार्य।

ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की जमीन पर निजी कब्जा किए जाने से गांव की सामूहिक संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाने और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जिला कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पंचायत जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत मिली है। अधिकारियों को इस संबंध में कार्रवाई की निर्देश भी दिए गए हैं।

## डेढ़ लाख की रिश्वत लेता एसआई काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


थाना शहर गोहाना में तैनात एक जांच अधिकारी द्वारा रिश्वत मांगने का गंभीर मामला सामने आया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) रोहतक की टीम ने एसआई जीत सिंह को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। सोनीपत में जवाहर नगर के राजेश कुमार ने एसीबी को दी शिकायत कि उसकी बहन के देवर पवन के खिलाफ थाना शहर गोहाना अक्टूबर 2025 में केस दर्ज हुआ था। पवन सैनी ने सेक्टर-7 में पीएनएल मोर देन बैंक के नाम से एक संस्था बनाई थी। उसने कम समय में पैसे डबल करने का लालच देकर करोड़ों रुपये जमा करवाए। कई लोगों ने बताया कि जब उनकी एफडी पूरी होने का समय आया तो पवन बैंक का ताला लगाकर भाग गया। पवन के साथ अन्य लोगों पर भी केस दर्ज हुआ था। आरोप है कि पवन की गिरफ्तारी के बाद जांच अधिकारी एसआई जीत सिंह ने रिमांड के दौरान मारपीट करने और परिवार के अन्य निर्दोष सदस्यों को गिरफ्तार करने की धमकी देकर पहले 3.50 लाख रुपये रिश्वत के तौर पर वसूले। बाद में जांच अधिकारी ने परिवार के अन्य सदस्यों के नाम केस से निकालने के एवज में 10 लाख रुपये की मांग की। काफी मिन्नतों के बाद सौदा तीन लाख रुपये में तय हुआ।

## सेवा-सुरक्षा विधेयक पर देरी से विवि अनुबंधित शिक्षक चिंतित, मुख्यमंत्री से की मुलाकात

- 50 दिन बाद भी लंबित सूचना नहीं मिली, हुकटा ने समयबद्ध सूचना उपलब्ध कराने का आग्रह किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा यूनिवर्सिटीज़ कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर विश्वविद्यालयों में कार्यरत 1400 अनुबंधित शिक्षकों के लिए आगामी बजट सत्र में सेवा-सुरक्षा विधेयक प्रस्तुत किए जाने हेतु रिमाइंडर द्वारा लंबित सूचना समयबद्ध उपलब्ध कराने की मांग की। हुकटा के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे डॉ. विजय मलिक व डॉ. अमित मलिक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, कौशल, आयुष, खेल, स्वास्थ्य सहित संबंधित विभागों के अधीन आने वाले विश्वविद्यालयों को आवश्यक जानकारी शीघ्र प्रेषित करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि बजट सत्र में विधेयक को सदन के पटल पर रखा जा सके। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों के अधीन विश्वविद्यालयों से सेवा-सुरक्षा से जुड़ी सूचना प्रक्रिया को अधिकारियों के माध्यम से रिमाइंडर द्वारा समयबद्ध रूप से पूरा करवाया जाएगा।



सोनीपत। मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते प्रतिनिधिमंडल।

**16 गांवों के किसानों का मुआवजा 60 फीसदी आरओडब्ल्यू के तहत मापा जाएगा**

## बाजार दर पर मिलेगा प्रभावित किसानों को मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हाइटेंशन (एचटी) लाइन से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए शुक्रवार को लघु सचिवालय में किसानों और मार्केट रेट कमेटी की बैठक हुई। इसमें यह तय किया गया कि किसानों को राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) के आधार पर 30, 45 और 60 फीसदी के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा जो वास्तविक मार्केट मूल्य से तय होगा। जिससे खेतों से गुजरने वाली लाइन से हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई हो सके।



सोनीपत। लघु सचिवालय में हुई बैठक के बाद उपस्थित किसान।

### एचटी लाइन किसानों को मुआवजा राहत

बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 गांवों के किसानों का मुआवजा 60 फीसदी आरओडब्ल्यू के तहत मापा जाएगा और उन्हें बाजार दर के अनुसार भुगतान किया जाएगा। इससे एचटी लाइन से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। भारतीय किसान कामगार अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेंद्र लोहचब ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2024-25 में एचटी लाइन से किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा नीति लागू की है। इसके तहत प्रभावित किसानों को वास्तविक बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि सोनीपत में 18 गांवों के किसानों को पहले ही लगभग 127 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि आगे 700 से 800 करोड़ रुपये तक का मुआवजा दिए जाने की संभावना है। दहिया चौबीसा खाप के प्रधान उमेश दहिया ने कहा कि यह किसानों के हित में एक बड़ा निर्णय है और भविष्य में भी किसानों से जुड़े हर मुद्दे पर संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान संदीप, कवित, अरुण, वीरेंद्र, जगदीश, उमेद, गोपाल वर्मा, सोहनलाल, महेंद्र सहित अन्य किसान प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

## लाइफ Style

# भूमि शेयर किया भावुक नोट

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।



## हॉलीवुड मसाला



# मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




# अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




# द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



# ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

# 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

# रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

# मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मीं और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ीं अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेन: चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

## टीवी मसाला

# जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं।



जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।

## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

# रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ▸▸| मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

## बापू की पुण्यतिथि पर गांधी चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**गांधी जी ने पूरी दुनिया को दिखाया अहिंसा का मार्ग**

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दिखाए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार आज भी प्रासंगिक : दिवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। गांधी चौक पर पहुंचे कांग्रेसी नेता एवं पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत की ओर गांधी चौक पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं ने बापू की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान और ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगबीर मलिक और पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार ने भी बापू को याद करते हुए उनके सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं। आज के दौर में जब समाज में विभिन्न प्रकार की चुनौतियां हैं, बापू के सत्य, अहिंसा और भाईचारे के विचार और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। गांधी जी ने पूरी दुनिया को दिखाया कि अहिंसा के मार्ग पर चलकर बड़े से बड़े साम्राज्य को झुकाया जा सकता है। आज हम सबको उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है, ताकि एक मजबूत और समावेशी भारत का निर्माण हो सके। कांग्रेस पार्टी हमेशा बापू के दिखाए अंत्योदय के मार्ग पर चलते समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न पर कमल दिवान ने कहा कि नगर निगम में भाजपा के कार्यकाल में भ्रष्टाचार रहा है। जिससे शहर के लोग परेशान हुई है। अब आगामी नगर निगम चुनाव में कांग्रेस विजय दर्ज कर शहरवासियों को विकास के रास्ते पर लेकर जाएगी

**ये रहे मौजूद**

श्रद्धांजलि सभा में सतपाल कौशिक, प्रशांत शर्मा, अमनदीप पाराशर, मुकेश पन्नालाल, राजेश सेवली, आशा अहलावत, सतबीर निर्माण, दयानंद वाल्मीकि, सुषमा, राकेश सोढा, देवेंद्र राठधाना, राजेश, पायल मलिक, अनुज जैन, सीमा वर्मा, संजय टुडेजा, प्रेम रेलन, जॉनी मेहरा, बंसीलाल कुंडू, सोनू वर्मा, रणदीप दहिया, रविंद्र बूरा, राकेश नरवाल, यशवंत चौहान, जांबाज, राजेश मलिक, सचिव कुलदीप देशवाल व सचिव जयवीर राठी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेता थे राष्ट्रपिता

**गोहाना।** गुरुवार को शहर में पुराना बस अड्डा स्थित शहीद स्मारक में महात्मा गांधी का बलिदान दिवस आयोजित किया गया। राष्ट्रीय शहीदी दिवस के रूप में आयोजित इस समारोह में विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण करके महात्मा गांधी सहित स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।

मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि 30 जनवरी को केवल महात्मा गांधी ही नहीं बल्कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी भारत के अहिंसक स्वतंत्रता आंदोलन के एक महान नेता थे। उनकी शहादत अहिंसा और सद्भाव का संदेश देती है जो नफरत के दौर में भी प्रासंगिक है। शहीदी दिवस समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी गुलाब खान ने की। उन्होंने कहा महात्मा गांधी का जीवन सादगी, सत्य, अहिंसा और प्रेम का प्रतीक है। आज उनसे प्रेरणा लेकर अपने देश को विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने का निश्चय करें। इस मौके पर सरदार सतनाम सिंह, सतवीर पौडिया, पूरणमल चहल, रोहतास अहलावत, रईसुद्दीन खान, मास्टर हवा सिंह और मांगेराम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### सरकार गांधीवादी विचारधारा के खिलाफ

**सोनीपत।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राकेश सौदा एडवोकेट ने हरियाणा सरकार द्वारा गांधी जी के शहादत दिवस पर प्रदेश के सभी विभागों के लिए जारी किए गए पत्र पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि पत्र मे गांधी जी का नाम न देकर सरकार ने उनके प्रति अपनी घटिया मानसिकता का परिचय दिया है और साबित किया है कि सरकार गांधीवादी विचारधारा के खिलाफ है। 30 जनवरी शहीदी दिवस सिर्फ महात्मा गांधी की शहादत पर घोषित किया गया था, लेकिन जिस प्रकार से सरकार ने पत्र मे उनके नाम को स्थान न देकर घटिया मानसिकता का परिचय देकर प्रदेश की जनता को एक सन्देश देने का काम किया है कि अब देश और प्रदेश मे गांधी जी के सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या के सिद्धांत का कोई स्थान नहीं है। पत्र में सिर्फ गांधी जी की उपेक्षा नहीं की गई है बल्कि उपेक्षा की गई है उनके देश के लिए दिए योगदान की। उपेक्षा की गई है उस महान विचार की, जिसका समर्थन सम्पूर्ण विश्व करता है। इस दौरान प्रमुख रूप से सेवादल जिलाध्यक्ष ईसाक मदार, उपाध्यक्ष सुनिल कौशिक, महासचिव जयवीर ढाका, महासचिव विशाल सौदा, महासचिव महावीर सिंह एवं देवेन्द्र बूरा उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय एचआर सम्मेलन का शुभारंभ

**सोनीपत।** गेटवे शिक्षण संस्थान में छात्रों और युवा पेशेवरों के लिए दो दिवसीय विशेष एचआर सम्मेलन की शुरुआत हुई। सम्मेलन का विषय भविष्य का कार्य, रोजगार योग्यता और उद्योग का समन्वय रखा गया है। संस्थान के निदेशक जनरल कर्नल (डॉ.) अमिक गर्ग ने कहा कि छात्रों का ज्ञान और कौशल अक्सर अधूरा होता है, ऐसे में यह सम्मेलन उन्हें स्वयं का आकलन करने और सुधार का अवसर देगा। सम्मेलन में गेटवे इंजीनियरिंग, फार्मेसी और आर्किटेक्चर कॉलेजों के छात्र भाग ले रहे हैं। पैनल चर्चा में एचआर विशेषज्ञों ने कौशल असंगति, इंटर्नशिप, नौकरी चयन और पेशेवर आचरण पर मार्गदर्शन दिया।

## नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा में 1532 विद्यार्थियों ने लिया भाग

- आयोजन में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का योगदान रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित गीता विद्या मंदिर, गोहाना में विद्यार्थियों में अंतर्निहित प्रतिभा को पहचानने एवं उनकी बौद्धिक क्षमता को निखारने के लिए नारायण प्रतिभा खोज परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में विद्यालय के कक्षा चौथी से बारहवीं तक के कुल 1532 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्राचार्य अश्विनी कुमार ने कहा कि परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की तार्किक सोच, बौद्धिक क्षमता एवं शैक्षणिक प्रतिभा का आकलन करना था। प्रश्नपत्र विद्यार्थियों की आयु एवं कक्षा स्तर के अनुरूप तैयार किए गए थे। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिभा खोज परीक्षाएं विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं और उन्हें भविष्य की शैक्षणिक एवं जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार करती हैं। परीक्षा के सफल आयोजन में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## 'लोक स्वर' उत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार तथा जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'लोक स्वर' उत्सव का शुक्रवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ भव्य समापन हुआ। समापन सत्र में साहित्य, संवेदना, हास्य और राष्ट्रभाव का संगम देखने को मिला। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई दी।

समापन समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सोनीपत की तहसीलदार कीर्ति दहिया ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जीवीएम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. ओ.पी. परूथी ने की। कार्यक्रम प्रभारी अजय गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति विशेष रही। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के पश्चात कवि सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। कवि सम्मेलन की गंभीर शुरुआत कवि कृष्ण गोपाल सोलंकी ने की। उन्होंने पौराणिक पात्रों के माध्यम से जीवन दर्शन प्रस्तुत करते हुए पंक्तियां पढ़ीं। इसके बाद सुप्रसिद्ध कवि विकास यशकीर्ति ने बेटियों के प्रति समाज की संवेदनहीनता पर मार्मिक प्रहार किया। तत्पश्चात दीपक गुप्ता ने हास्य-व्यंग्य की धारदार रचनाओं से माहौल को हल्का-फुल्का कर दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर वरिष्ठ कवि गजेन्द्र सोलंकी ने नए भारत के निर्माण और सकारात्मक सोच का संदेश देती ओजस्वी रचना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर संबंधित शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

### सेवा-राष्ट्रभक्ति और सामाजिक दायित्व एनएसएस स्वयंसेवक का मूल कर्तव्य



**सोनीपत।** एसएम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला स्तरीय शिविर के छठे दिन की शुरुआत योगाभ्यास, वंदे मातरम और एनएसएस गीत के साथ हुई। बीती शाम हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने शिविर का अवलोकन कर स्वयंसेवकों को सेवा, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक दायित्व के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रथम सत्र में ट्रीमेन ऑफ हरियाणा के देवेंद्र सूरा ने पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण का संदेश दिया। डीईईओ रचना बाना ने एनएसएस प्रतीक चिह्न का महत्व समझाया। स्वयंसेवकों ने नृत्य प्रतियोगिता और जागरूकता रैली का आयोजन किया। प्रोफेसर सुभाष सिसौदिया ने अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया। विभिन्न विद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कन्या महाविद्यालय के कर्मचारियों का अटका वेतन, विधायक से मिला स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



कन्या महाविद्यालय खरखौदा को सीएम नायब सैनी ने सरकारी कॉलेज का दर्जा दिया था। घोषणा के बाद से ही स्टाफ का वेतन अटका हुआ है। जिससे स्टाफ के सामने आजीविका का संकट खत्म हो गया है। अनुबंधित शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों ने विधायक पवन खरखौदा से मांग की है कि कॉलेज में कार्यरत अनुबंधित स्टाफ को अब तक सरकारी प्रणाली में समायोजित नहीं किया गया है। कर्मचारियों का कहना है कि अगस्त 2025 से जनवरी तक का वेतन भी अभी तक जारी नहीं हुआ है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वेतन न मिलने के कारण घर खर्च, चिकित्सा और बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों ने विधायक के प्रयासों से कॉलेज के अधिग्रहण के लिए आभार जताते हुए अनुरोध किया कि बकाया वेतन शीघ्र दिलवाया जाए और उन्हें सरकारी व्यवस्था में समायोजित किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके। विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि उनकी मांग निदेशालय भेज दी जाएगी।

### सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

**सोनीपत।** जिला सोनीपत में आयोजित एक विदाई समारोह में सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय अजीत सिंह की अध्यक्षता में सोनीपत पुलिस के पाँच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर ऑनरी निरीक्षक मुकेश कुमार, ऑनरी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह, ऑनरी निरीक्षक वेद सिंह, उप निरीक्षक महाबीर सिंह और डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफिसर सतीश कुमार को उनकी लंबी और निष्ठापूर्ण सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम** गांव गोरड़ में प्राकृतिक खेती व पैदावार बढ़ाने के लिए जागरूक कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंचे विधायक पवन

# धरती मां को केमिकल युक्त खाद का प्रयोग कर दूषित न करें

- जीवन में केवल ईमानदारी से संघर्ष करना सीखा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। विधायक पवन खरखौदा का स्वागत करते कृषि अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल के गांव गोरड़ में वृहत किसान सभा द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती द्वारा पैदावार बढ़ाने व कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें विधायक पवन खरखौदा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि सच्चे मन व ईमानदारी से किया गया संघर्ष किसी भी काम को पूरा करने में सफलता अवश्य प्राप्त होती है। खुद का उदाहरण देते बताया कि उन्होंने पहला चुनाव 2014 में लड़ा, परंतु हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2019 फिर से चुनाव में लड़ा, लेकिन किस्मत ने उनका साथ नहीं दिया। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और 2024 में जीत दर्ज की। उन्होंने जीवन में केवल ईमानदारी से संघर्ष करना सीखा है। जिसके परिणाम और जनता के आशीर्वाद से खरखौदा क्षेत्र में पहली बार कमल का फूल खिला और वह प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत में जनता की आवाज बुलंद करने के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि गौ माता विश्व की सबसे सर्वश्रेष्ठ माता है। इसमें 33 कोटि देवी देवताओं का वास है। जिससे सिद्ध होता है कि इसके मूत्र, गोबर व दूध में कितनी ताकत होगी। इसलिए हमारे किसानों को खेती की पैदावार बढ़ाने के लिए आज के युग के केमिकल युक्त खादों का प्रयोग न करके प्राकृतिक खेती की तरफ ध्यान केंद्रित करना चाहिए। धरती माता को केमिकल युक्त खाद का प्रयोग करके दूषित ना करें। इसमें शुद्ध देसी खाद का प्रयोग करें और प्राकृतिक खेती को ही बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि कई वर्षों पहले इसी प्रकार की प्रकृति खेती को ही बढ़ावा दिया जाता था। प्रकृति खेती को बढ़ावा देने के लिए गुजरात व महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में आगामी 8 फरवरी को खरखौदा में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

मौके पर एसडीओ संदीप वर्मा, डायरेक्टर सुनील खत्री, मैनेजर अशोक, राजेंद्र, रामकरण, बलवान, जगत सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### इण्डियन स्कूल ने जूडो में जीते तीन पदक

**सोनीपत।** हाल ही में इम्फाल में आयोजित 69वीं नेशनल स्कूल गेम्स चैंपियनशिप में इण्डियन स्कूल सोनीपत के तीन जूडो खिलाड़ियों ने भाग लेकर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सृष्टि सांगवान ने 57 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जबकि लवनित मलिक ने 63 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय पहुंचने पर प्रबंधिका नीलम गाहल्याण ने विजेता खिलाड़ियों को पदक व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि दोनों खिलाड़ी सोनीपत जिले के बुटाना और पुगथला गांव से संबंध रखते हैं तथा पूर्व में भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुकी हैं। इस उपलब्धि पर जूडो कोच सतपाल गुलिया को भी बधाई दी गई। विद्यालय में मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई गई। खेल प्रबंधक सुरेन्द्र शास्त्री, अभिभावक और विद्यालय स्टाफ ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।




### रैली निकालकर नशे के खिलाफ किया जागरूक

**गोहाना।** भगत फूल सिंह विश्वविद्यालय के नार्को को-आर्डिनेशन केंद्र एवं एनएसएस इकाई द्वारा शुक्रवार को गांव खानपुर कलां में नशा उन्मूलन एवं जन जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ गांव की सरपंच संगीता देवी के निवास स्थान से किया गया। केंद्र की समन्वयक प्रो. मंजू पंवार ने बताया कि रैली में स्वयंसेविकाओं ने जागरूकता संदेशों से युक्त पोस्टर लेकर और नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराया और नशा मुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया। रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से दूर रखना और एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक समाज की स्थापना करना रहा। सरपंच संगीता देवी ने इस प्रकार के जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए आवश्यक है। रैली में एनएसएस की समन्वयक डा. बबीता, कार्यक्रम अधिकारी डा. सुमन रहीं।



### 23 विद्यार्थी ओलंपियाड के द्वितीय स्तर के लिए चयनित

**खरखौदा।** थाना खुर्द स्थित द स्टैनफोर्ड स्कूल के 23 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों की ओलंपियाड परीक्षा के द्वितीय स्तर के लिए क्वालिफाई किया है। इस उपलब्धि के बाद विद्यालय में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया व डायरेक्टर पूजा उत्सव दहिया ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। प्रधानाचार्य संजीत नैन ने विद्यार्थियों के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त की है।



### छोटूराम आर्य कॉलेज ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर कॉलेज क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2025-26 में पुरुष वर्ग में छोटू राम आर्य महाविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम की। शारीरिक शिक्षा विभाग के कोच डॉ. विकास और प्रदीप पाराशर के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय का परचम लहराया। प्रतियोगिता के दौरान कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। टीकाराम एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह दहिया ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. जेएस फोर ने खिलाड़ियों का कॉलेज परिसर में स्वागत किया।



### शिविर में 20 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

**गोहाना।** शुक्रवार को शहर में पुराना बस अड्डा स्थित सेतिया नर्सिंग होम में डॉ. भगवान दास सेतिया की पुण्य तिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 20 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। रक्तदान शिविर की अध्यक्षता डॉ. सुरेश सेतिया और सुषमा सेतिया ने की। संयुक्त संयोजन डॉ. संदीप सेतिया, डॉ. अनु सेतिया, डॉ. सौरभ सेतिया, डॉ. निधि सेतिया और डॉ. मोहित सेतिया का रहा। शिविर में रक्त संकलन के लिए पीजीआई रोहतक से डॉ. रविकांत की टीम पहुंची। शिविर वातानुकूलित बस में लगा जिसमें नियमित रक्तदाताओं में उधम सिंह, रमेश, संदीप और प्रमोद ने रक्तदान किया। शिविर में अनिल, शुभम, अनमोल, रोनित और संदीप ने पहली बार रक्तदान का खाता खोला।

### जजपा के पूर्व हलका अध्यक्ष भाजपा में शामिल

**गोहाना।** गांव कासंडी निवासी जजपा के पूर्व गोहाना हलका अध्यक्ष संदीप भनवाला भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली के नेतृत्व एवं भाजपा जिला गोहाना अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक की अध्यक्षता में भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने इन्हें भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल करवाया। संदीप तीन बार जननायक जनता पार्टी के हलका गोहाना के अध्यक्ष रह चुके हैं। संदीप भनवाला ने प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली और जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक को निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करके भाजपा में नए सदस्यों को जोडने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला गोहाना भाजपा महामंत्री महेंद्र चिड़ाना एवं जितेन्द्र शर्मा, पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला गोहाना संयोजक पवन शर्मा व सरपंच आनंद धनखड़ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पैरामेडिक्स को दिया जीवन रक्षक कौशल का प्रशिक्षण

**गोहाना।** बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज में आयोजित प्रदेश के पहले राष्ट्रीय आपातकालीन जीवन सहायता पाठ्यक्रम प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। पैरामेडिक्स के प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए आयोजित शिविर में महिला मेडिकल कॉलेज के अलावा सोनीपत सिविल अस्पताल व रोहतक से प्रोफेसरों और नर्सिंग स्टाफ सहित 20 प्रतिभागी पैरामेडिक्स ने हिस्सा लिया। शिविर में एम्स के जेपी नारायण ट्रामा सेंटर के संकाय सदस्यों ने केंद्रीय परिवार कल्याण मंत्रालय के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के सहयोग से पैरामेडिक्स को आपातकालीन जीवन रक्षक कौशल मॉड्यूल में प्रशिक्षित किया गया था।

### उत्सव दहिया को जिला मंत्री किया नियुक्त

**खरखौदा।** भारतीय तिब्बत सहयोग मंच की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शक्ति ठेकेदार और जिला महामंत्री योगेश शर्मा ने की। बैठक का आयोजन प्रांतीय महामंत्री सुशील शास्त्री के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। सीताराम, रवि ठेकेदार व सोनू गोहाना को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिला मंत्री के पद पर उत्सव दहिया को नियुक्त किया गया।

### 'युवा योद्धा सम्मेलन' को लेकर बैठक आयोजित

**सोनीपत।** जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) ने आगामी 'युवा योद्धा सम्मेलन' को लेकर शुक्रवार को राठधना में पार्टी की एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जेजेपी के प्रधान महासचिव रणधीर चीका उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक सरोहा के नेतृत्व में हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य 7 फरवरी को सोनीपत में आयोजित होने वाले भव्य 'युवा योद्धा सम्मेलन' की रूपरेखा तैयार करना और उसकी तैयारियों की समीक्षा करना रहा।

## पटवारखानों पर लटके ताले, ठप रहा कामकाज

# निलंबित किए पटवारियों के समर्थन में उतरे पटवारी व कानूनगो, की हड़ताल

लोगों ने धरनास्थल पर पहुंचकर अपने जरूरी कागजातों को सत्यापन करने की लगाई गुहार, काम करने से मुकरे पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन, हरियाणा के आह्वान पर जिला पदाधिकारियों व सदस्यों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबा में गलत रिपोर्ट के मामले में निलंबित किए गए पटवारियों के समर्थन में लघु सचिवालय परिसर के धरना स्थल पर एक दिवसीय हड़ताल कर रोष जताया। पटवारियों व कानूनगो ने एकत्रित होकर धरना देकर सरकार को चेताया कि अगर निलंबित किए गए 6 पटवारियों को जल्द बहाल नहीं किया तो वह 2 फरवरी से नियमित रूप से हड़ताल करने के लिए मजबूर होंगे।



**सोनीपत।** लघु सचिवालय परिसर में धरना स्थल पर हड़ताल कर रोष जताते दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला पदाधिकारी व सदस्य।



**सोनीपत।** पटवारखाना कार्यालय के दरवाजे पर लटका ताला।

### 8 दिसंबर को भी दिया गया था धरना

मामले को लेकर पटवारियों व कानूनगो ने 8 दिसंबर को भी लघु सचिवालय परिसर में धरना देकर रोष जताया था। साथ ही मुख्यमंत्री के नाम अधिकारियों को ज्ञापन देकर जल्द 6 पटवारियों को बहाल करने की मांग की थी। आरोप है कि इसके बावजूद सरकार ने आज तक निलंबित किए गए 6 पटवारियों को बहाल नहीं किया है। इससे प्रदेशभर के पटवारियों व कानूनगो में रोष है। हड़ताल के दौरान पटवारी मनीष, अनिल, सुधीर, अनुज, कानूनगो राजेश मलिक, जगदीश व रामदास मौजूद रहे।

### जरूरी कागजातों के नहीं हो पाए सत्यापन

जिले के 73 पटवारियों व 19 कानूनगों के शुक्रवार को हड़ताल पर रहने से पटवारखानों पर ताले लटके रहे। इससे खेतों में जमीन गिरदावरी का कार्य पूर्ण रूप से ठप रहा। साथ ही आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र व फर्द संबंधी कार्य भी प्रभावित रहा। लोगों ने धरनास्थल पर पहुंचकर अपने जरूरी कागजातों को सत्यापन करने की मांग की, लेकिन पटवारियों ने कोई भी काम करने से मना कर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि 5 फरवरी से प्रदेश स्तर पर रबी फसलों की गिरदावरी शुरू होनी है, इससे पहले सरकार निलंबित किए गए पटवारियों को बहाल करें। अन्यथा वह 2 फरवरी से अपनी हड़ताल को नियमित रूप से धरने में बदल लेंगे।

### पड़ताल में अधिकारियों को बचाने का आरोप

एसोसिएशन के राज्य महासचिव एवं जिला प्रधान सन्नी दहिया ने बताया कि खरीफ सीजन 2025 में फसल खराबा के लिए 6395 गांव के 529199 किसानों ने 31 लाख 234 एकड़ जमीन के लिए पंजीकरण किया था। इसका सत्यापन करने के लिए 1400 पटवारियों को 20 दिन का समय दिया गया। इसके बाद 25 फीसदी रकबा तहसीलदार, एसडीएम, जिला राजस्व अधिकारी, नगराधीश व आयुक्त ने सत्यापन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पटवारी के सत्यापन की पड़ताल उच्च अधिकारियों ने भी की, तो अकेले पटवारी को निलंबित करना गलत है। पड़ताल करने वाले अधिकारियों को बचाने का काम किया गया है।



**राई।** वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक व जिलाध्यक्ष व मोनिका दहिया कार्यकारिणी के साथ।

### महिला मोर्चा ने हमेशा संगठन को मजबूती देने का काम किया : माईराम

**राई।** भाजपा जिला कार्यालय में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मोनिका दहिया की अध्यक्षता में महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों को भाजपा नेता माईराम कौशिक व जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने बधाई देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक ने महिला मोर्चा की भूमिका को संगठन की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा ने हमेशा संगठन को मजबूती देने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य किया है। जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने कहा कि भाजपा संगठन में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। महिला मोर्चा की नई कार्यकारिणी आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएगी। दहिया ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ करे। महिला मोर्चा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करेगा। कार्यक्रम के दौरान कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्त सदस्यों को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।



**सोनीपत।** एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त साथ में अधिकारीगण।

### उपायुक्त ने नागरिकों को सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के लिए दिए निर्देश

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में स्थित एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नागरिकों को सभी सेवाएं समयबद्ध रूप से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी अधिकारी व कर्मचारी समय पर कार्यालय में पहुंचे और कार्यालय में किसी कार्य के लिए आने वाले नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करते हुए उसके कार्य को पूरा करवाने के लिए उसका सहयोग करें। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्यालय में साफ सफाई अच्छी तरह से होनी चाहिए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

### पूर्व जिलाध्यक्ष ने पूर्व राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

**सोनीपत।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने नई दिल्ली में भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर सामाजिक सरोकारों, राष्ट्रीय विषयों और देश के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन, सार्थक एवं प्रेरणादायी चर्चा हुई। बातचीत के दौरान रामनाथ कोविंद के अनुभव, मार्गदर्शन, दूरदर्शी नेतृत्व और विचारशील दृष्टिकोण ने गहरी छाप छोड़ी। जसबीर दोदवा ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति के विचार राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में मार्गदर्शक हैं। उन्होंने बताया कि इस भेंट से उन्हें जीवन और सार्वजनिक सेवा के प्रति नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और प्रेरणा प्राप्त हुई। जसबीर दोदवा ने कहा कि ऐसे वरिष्ठ एवं अनुभवी व्यक्तित्व से संवाद करना सौभाग्य की बात है, जो आने वाले समय में समाज और राष्ट्र के लिए और अधिक सक्रिय योगदान देने की प्रेरणा देता है।



**सोनीपत।** पूर्व राष्ट्रपति को सम्मान देते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष।

## मुख्य अभियंता ने किया ड्रेन नंबर-6 का निरीक्षण, सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- सरपंच ने इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की

एचएसआईआईडीसी के मुख्य अभियंता मुकेश गुप्ता ने शुक्रवार को भोगीपुर गांव के समीप से गुजर रही ड्रेन नंबर-6 का निरीक्षण किया। इस दौरान एचएसआईआईडीसी बड़ी के वरिष्ठ प्रबंधक जसबीर देशवाल भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने गांव के सरपंच और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। गांव के सरपंच सावन ने बताया कि एचएसआइआइडीसी बड़ी से निकलने वाला अपशिष्ट पानी ड्रेन नंबर-6 में छोड़ा जा रहा है, जिससे गांव का पर्यावरण प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आशंका जताई कि इस अपशिष्ट जल के कारण गांव का भूजल स्रोत भी दूषित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। सरपंच ने इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की।



इस पर मुख्य अभियंता ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। मुख्य अभियंता ने कहा कि यदि ग्रामीणों को इस व्यवस्था से समस्या हो रही है, तो एचएसआईआईडीसी से निकलने वाले पानी को अलग पाइपलाइन के माध्यम से आगे भेजने की संभावना तलाशी जाए, ताकि यह पानी सीधे ड्रेन में न गिरे। उन्होंने इस संबंध में तकनीकी और आर्थिक स्थिती का आकलन करते हुए फीजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



**गोहाना।** एथलीट मीट का शुभारंभ करते हुए डॉ. रीटा शर्मा, साथ हैं महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### छात्रा नैंसी ने जीता सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब

**गोहाना।** शुक्रवार को राजकीय महिला महाविद्यालय, गोहाना का 44वें वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन किया गया। खेलों में प्रतिभागी छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एथलीट मीट का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा की पत्नी डॉ. रीटा शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखाकर किया। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी सांगवान ने की। वार्षिक एथलीट मीट में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नैंसी ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट मीट का खिताब जीता। नैंसी ने 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ और 800 मीटर दौड़ और ऊंची कूद में पहला जबकि डिस्कस थ्रो में दूसरा, जैवलिन थ्रो में तीसरा और लंबी कूद में दूसरा स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सिमरन ने दूसरा और बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रौनक ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रितिका, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा श्वेता और रौनक क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में काउंसिल सदस्य डॉ. सतीश, डॉ. चांद मोर, डॉ. अनिल, डॉ. अंजु, डॉ. शमशेर, डॉ. मुकेश एवं डॉ. ज्योति सहित महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### विवि के दो गैर शिक्षण कर्मचारी सेवानिवृत्त

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में गुरुवार को एक साथ दो गैर शिक्षक कर्मचारी सेवा से निवृत हो गए हैं। माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान के ऑपरेशन थिएटर अटेंडेंट राजेंदर कुमार 38 साल और सहायक युद्धवीर 35 साल की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए।

- प्रो. यादव ने दोनों कर्मचारियों को जीवन की नई पारी की शुभकामनाएं दी

कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने संदेश में उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सुखद एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने दोनों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट करते हुए कहा कि यह संस्थान आज भी आपका है और आगे भी आपका रहेगा। आपके अनुभव की जब भी महिला विश्वविद्यालय को जरूरत होगी तो आपको याद किया जाएगा। प्रो. यादव ने दोनों कर्मचारियों को जीवन की नई पारी की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन ऐकडेमिक अफेयर्स प्रो. विजय नेहरा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. संदीप दहिया, वित्त अधिकारी विनोद कुमार, सहायक कुलसचिव कुलदीप सिंह, आयुर्वेद संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल की प्रशंसा की।

## मंडी में सफाई व्यवस्था में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त, ठेकेदार दे ध्यान : छौक्कर

- मार्केट कमेटी गन्नौर के चेयरमैन निशांत छौक्कर ने अनाज मंडी का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



**गन्नौर।** चेयरमैन निशांत छौक्कर मंडी में अधिकारियों व आढतियों के साथ दौरा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

मार्केट कमेटी गन्नौर के चेयरमैन निशांत छौक्कर ने अनाज मंडी का अधिकारियों व आढ़तियों के साथ संयुक्त रूप से दौरा किया। निरीक्षण के दौरान मंडी में मौजूद मूलभूत सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था और प्रस्तावित विकास कार्यों का जायजा लिया गया। चेयरमैन ने मंडी को व्यवस्थित व सुविधाजनक बनाने के लिए कई अहम निर्देश दिए। चेयरमैन निशांत छौक्कर ने अनाज मंडी में अटल कैंटीन के निर्माण को लेकर उपयुक्त स्थान का चयन करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि अटल कैंटीन के निर्माण से मंडी में आने वाले किसानों, मजदूरों और आढ़तियों को सस्ती व पौष्टिक भोजन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मंडी में सफाई व्यवस्था में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त, ठेकेदार ध्यान दे। चेयरमैन ने मंडी परिसर में शौचालयों की स्थिति का भी निरीक्षण कर शौचालयों की मरम्मत, नियमित सफाई और जल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के आदेश दिए। उन्होंने संबंधित एजेंसी व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मंडी में नियमित रूप से सफाई कराई जाए। इस दौरान एसडीओ ढूल, जेई बिजेंद्र दहिया को मंडी प्रधान सुरेन्द्र, सचिव अनिल कौशिक, रोहताश छिक्कारा, सुरेश त्यागी, अशोक कौशिक, जयबीर छौक्कर मौजूद रहे।

### बहन की हत्या करने पर आरोपी भाई गिरफ्तार

**गोहाना।** सदर थाना पुलिस ने लाठी से पीट-पीटकर बहन की हत्या करने के मामले में आरोपित भाई रोहताश निवासी गांव शामड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। गांव शामड़ी निवासी दिलबाग ने 27 जनवरी को सदर थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उसके पास 26 जनवरी की दोपहर को गांव के सुनील का फोन आया, जिसने बताया कि उसकी बहन संतोष के साथ उसके भाई रोहताश ने झगड़ा कर मारपीट की है। सूचना मिलने पर संतोष को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रोहताश के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक संजय ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।




**सोनीपत।** वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

### बाल विवाह मुक्ति रथ को किया रवाना

**सोनीपत।** जिला प्रशासन की ओर से बाल विवाह मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु नानक सत्संग सभा गीता भवन चौक के महासचिव परमजीत सिंह ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस रथ का मुख्य उद्देश्य समाज में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है बल्कि यह एक गंभीर सामाजिक बुराई भी है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह बच्चों के बौद्धिक, शारीरिक और मानसिक विकास में सबसे बड़ी बाधा बनता है। डेसपरेट एंड इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया की सदस्य मीनाक्षी ने कहा कि यह रथ पूरे जिले में भ्रमण कर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

**यात्री कृपया ध्यान दें** उत्तर रेलवे ने पंजाब व जम्मू कश्मीर में चल रहे रेलवे पुलों की मरम्मत कार्यों के चलते लिया निर्णय

## जम्मू मेल एक्सप्रेस का 31 मई तक कटरा के बजाय अंबाला कैंट तक होगा परिचालन

22 एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों का परिचालन किया रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जम्मू मेल एक्सप्रेस में सोनीपत स्टेशन से पंजाब व जम्मू कश्मीर जाने की बांट जोह रहे यात्रियों को अभी और इंतजार करना पड़ेगा। सूबेदारगंज से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा अप-डाउन रूट पर आवागमन करने वाली ट्रेन संख्या 20433/20434 जम्मू मेल एक्सप्रेस का परिचालन अब 31 मई तक अंबाला तक रहेगा। पहले यह ट्रेन 1 अप्रैल से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा तक चलनी थी।

उत्तर रेलवे की ओर से कठुआ-माधोपुर, शहीद कैप्टन तुषार महाजन-चक रखवाल, पठानकोट-कंदरोरी स्टेशनों के बीच अपडाउन रूट पर निर्माण संबंधी कार्य करवाए जा रहे हैं। पुलों की मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्यों के कारण नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश, रोहतक के रास्ते पंजाब, जम्मू की ओर चलने वाली 22 एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों का परिचालन रद्द किया है। इनके अलावा 16 एक्सप्रेस ट्रेनों का बीच मार्ग के रेलवे स्टेशनों तक परिचालन किया जाएगा। ऐसे में रेलवे ने पंजाब व जम्मू कश्मीर में चल रहे रेलवे पुलों की मरम्मत व पुनर्निर्माण कार्य के चलते जम्मू मेल एक्सप्रेस को 31 मई तक अंबाला कैंट तक चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का नवंबर 2025 से अंबाला तक परिचालन किया जा रहा है। ऐसे में सोनीपत से पंजाब या कटरा तक जाने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही है। यात्रियों को अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के माध्यम से कटरा तक पहुंचना पड़ रहा है। ट्रेन संख्या 20433 जम्मू मेल का 31 मई तक अंबाला कैंट स्टेशन तक परिचालन होगा। 20434 जम्मू मेल 1 जून तक अंबाला कैंट से अपनी यात्रा प्रारंभ करेगी।



**सोनीपत।** स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

### मई तक प्रभावित रहेंगी ट्रेनें : हिमांशु

ट्रेन संख्या 20433/20434 जम्मू मेल एक्सप्रेस का 31 मई तक अंबाला कैंट स्टेशन ही परिचालन किया जाएगा। पंजाब व जम्मू रेल मंडल के अंतर्गत चल रहे मरम्मत कार्य के चलते कई अन्य ट्रेनें भी मई तक प्रभावित रहेंगी। हालांकि इनका परिचालन 1 अप्रैल से शुरू होना था। अभी मरम्मत कार्य पूरा न होने के चलते ट्रेनों को 31 मई तक प्रभावित रखने का निर्णय लिया गया है।

*-हिमांशु शेखर उपाध्याय, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, उत्तर रेलवे*